Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 31-03-2022 अंक 183

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में 20 वर्षीय युवक घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के खैरोन निवासी मंजीत कुमार यादव उम्र 20 वर्ष पिता स्व किशन यादव मारपीट में घायल हो गए। आनन फानन में उनके परि. जनों द्वारा उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल, रेफर



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत कोनहारा खुर्द निवासी मो रज्जाक की पत्नी समीना खातून उम्र 40 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार समीना खातून अपना बेटा के साथ बरही आ रही थी। इसी क्रम में बरसात के समीप आवारा कुत्ता को बचाने में बाइक का नियंत्रण खो गया। जिससे वह घायल हो गई, आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE NEWS सच का साथी


APEM LIVE

# डॉ अर्चना शर्मा की सुसाइड -सुसाइड नही एक मर्डर है : अपेम मेडिकल बोर्ड

## डॉ अर्चना के मौत के जिम्मेदार पर चले 302 हत्या का मुकदमा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राजस्थान के दौसा के एक हॉस्पिटल में कार्यरत रांची की गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अर्चना शर्मा को सुसाइड के लिए मजबूर करने की घटना की अपेम मेडिकल बोर्ड ने कड़ी निंदा की है। अपेम मेडिकल बोर्ड से जुड़े चिकित्सको ने डॉ अर्चना के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज के वैसे ठेकेदारों की गंदी मानसिकता के खिलाफ आवाज बुलंद की है। जिन्होंने सुसाइड के लिए मजबूर किया। अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि एक महिला gynocologist डॉ अर्चना की मौत सुसाईड नही बल्कि एक मर्डर है। जिसके दोष वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के पुरोधाओं को जाता है। MS गोल्डमेडिलिस्ट सर्जन जो कि चाहती तो महानगरों में किसी बड़े अस्पताल में अपनी सेवाएं दे कर एसो आराम का जीवन गुजारती , लेकिन उसने दौसा जैसा एक छोटे कस्बे को चुना और सोचा कि इस छोटे शहर के जरूरतमंदो को अपने अस्पताल के माध्यम से सेवा देंगी और उन्हें महानगरों के कारपोरेट अस्पतालों के भारी -भरकम बिल से निजात दिलाएंगी।लेकिन इस क्रूर समाज के ठेकेदारों और प्रशास. निक महकमे ने 302 का मुकदमा दर्ज कर दिया और क्रूर परिजनों ने छुटभैये नेतओं ने और पुलिस प्रशासन ने इतना प्रताड़ित किया कि स्वाभिमानी डॉ शर्मा ने अपने मासूम बच्चो और अपने छोटे से संसार को भूल कर मौत को गले लगा लिया।ये सोच कर कि उसकी मौत उनकी बेगुनाही साबित कर दे। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है कि समाज को एक होनहार स्वाभिमानी महिला डॉक्टर को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। समाज मे सफेदपोश दरिंदे जिनमे पढ़े लिखे पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी से ले कर संवे. दनहीन छुटभैये नेता गिद्ध की तरह एक महिला डॉक्टर के विरुद्ध जनता को भड़का कर आंदोलित करवा कर इस तरह के हृदयविदारक घटना को अंजाम तक पहुँचा दें।सभ्य समाज मे ऐसी मानसिकता भयावह अंजाम की तरफ ले जाएगी। लापरवाही जैसे शब्दों के सहारे। जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। विश्लेषण एक हिंसक भीड़ को एक डॉक्टर के खिलाफ खड़ा कर दिया जाता है। डॉ शर्मा ने कोई कसर नही छोड़ी प्रसूता की जान बचाने के लिए ,प्रसूता के परिजन भी डॉ अर्चना के प्रयास से संतुष्ट थे और प्रसूता के मौत के बाद अपने घर ले गए,कोई शिकायत नहीं थी डॉक्टर के खिलाफ,लेकिन समाज के एक ठीकेदार शिव शंकर मीना ने वापस मृत प्रसूता को डॉ अर्चना के हॉस्पिटल पर ले आये,सडक़ जाम करवा दिया और जबरदस्ती पुलिस -प्रशासन से 302 की धारा लगवा दी। जिससे आहत स्वाभिमानी डॉ अर्चना ने सुसाइड करने का फैसला कर लिया।एक आदतन ब्लैकमेलर पत्रकार ने अपनी भूमिका निभाई, ।क्या फ़ास्ट ट्रैक में इन दोनों के विरुद्ध 302 का मुकदमा नही चलना चाहिए ? जब एसी घटनाएं होने लगेगी तो कौन माँ-बा. पअपने बेटियों को gynecologist बनाना चाहेगा ? एक आईएएस,आईपीएस,से अधिक अधिक पढ़ाई करने के बाद कोई डॉक्टर बनता है।जीवन के दस वर्ष तो लग ही जाते है।उसके बाद जब समाज का डॉक्टरों के प्रति यह नकारात्मक रवैया रहेगा तो कोई जरूरतमंद मरीज को कोई सर्जन,डॉक्टर सक्षम होने के बाद भी इलाज नही करेगा और इसमे पीस जाएंगे लाचार मरीज।आम जनता को भी चाहिए कि ऐसे समाज के ठेकेदारों और दलालों के बहकावे में नहीं आएं और विस्वास अपने डॉक्टर पर कायम रखें।कोई भी डॉक्टर ला. परवाही नही करता है और कोई नही चाहता है कि उसके मरीज की मौत हो जाए।हमारे देश मे डॉक्टर को लोग दूसरा भगवान मानते रहे हैं,लेकिन समाज के दलाल छुट भैये नेता,पत्रकारो ने डॅक्टर -मरीज के भरोसे को तोड़ कर रख दिया है



डॉ अनिल कुमार



डॉ0 अर्चना शर्मा (फाइल फोटो )

# बरही के चिकित्सकों ने डॉ अर्चना शर्मा को दी श्रद्धांजलि , दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## समाज के अनैतिक ठेकेदारों के दबाव का कारण है चिकित्सक की मौत - डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राजस्थान के दौसा के एक हॉस्पिटल में रांची की डॉक्टर अर्चना शर्मा की मौत के बाद पूरे देश के डॉक्टर्स आंदोलित है। गौरतलब हो कि झारखण्ड की गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर अर्चना ने एक प्रसूता की मौत के बाद सामाजिक एवं कानूनी दाव पेंच से तंग आकर खुद आत्म हत्या कर ली थी। उस पर दबाब में 302 के तहत हत्या की मुक. दमा दर्ज करा दिया गया था। जिससे वे डिप्रेशन में थी। बरही के भी डॉक्टर्स डॉ अर्चना शर्मा की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आंदोलन पर उतरे है। बुधवार देर शाम बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में गोलबंद होकर घटना की निंदा की और डॉ अर्चना की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। सभी चिकित्सको ने डॉ अर्चना के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि महिला चिकित्सक को स्थानीय पुलिस एवम समाज के अनैतिक ठेकेदारों के दबाव में आत्महत्या के लिये विवश हो जाना चिकित्सा जगत के लिये अपूर्णीय क्षति है । डॉ अर्चना शर्मा ने राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची से एम डी ऑफ ज्ञाकॉनोलीजिस्ट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। राजकीय मेडिकल कॉलेज गांधी नगर में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी । लोगो के बेहतर सेवा देने हेतु जयपुर में कार्य कर रही थी । बरही के चिकित्सकों ने बताया कि डॉ अर्चना शर्मा की मृत्यु पुलिस प्रशासन की असवैधानिक कार्यवाई का नतीजा है एवम इसके लिये जिम्मेदार व्यक्तियों पर अविलम्ब कठोर करवाई की जानी चाहिए । इस श्रद्धांजलि सभा मे बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ इबरार अंसारी, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ सचिन कुमार, डॉ भैरव शंकर अग्रवाल, डॉ अमन प्रसाद, डॉ रविकांत पांडेय, डॉ पंकज मेहता मौजूद रहे।



श्रद्धाजंलि सभा में मैजूद डॉक्टर्स

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रामनवमी शोभायात्रा निकालने का आदेश स्वागतयोग्य परन्तु समय पर पाबंदी ठीक नही : कपिल केशरी

## अपेम ने झरखण्ड सरकार से संख्या बल एवं समय की पाबंदी को हटाने को मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कपिल प्रसाद केशरी

अपेम के मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी ने झरखण्ड सरकार द्वारा रामनवमी को लेकर शोभायात्रा निकालने पर दी गई छूट को स्वागत योग्य कदम बताया है। लेकिन शोभायात्रा में समय का पाबंदी लगाना गलत है। उन्होंने बताया कि जारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक जुलूस में भी 100 से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकेंगे। जबकि कई जगह जुलूस के स्वागत की व्यवस्था की जाती है। जिसमे हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है। वही जुलूस को शाम छह बजे तक खत्म करने का निर्देश दिया गया है । साथ ही डीजे पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।। जिससे सरकार के द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश से लोग संतुष्ट नहीं है। उन्होंने राज्यसरकार से अनुरोध किया की कोरोना के कारण पिछले दो साल से रामनवमी का जुलूस निकला नही पाया था। इस बार कोरोना का प्रभाव कम हुआ तो समितियों ने सरकार से जुलूस निकालने की अनुमति मांगी। सरकार ने अनुमति दे दी लेकिन कई शर्तो को भी जोड़ जोड़ दिया है। जिससे लोगो में काफी नाराजगी है साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से अपील करते हुए कहा की रामनवमी जुलूस शाम 4 बजे से शुरू होती है ऐसे में रात 9 बजे से पहले जुलूस समाप्त नही हो सकता है। डीजे नही बजाना है तो शोभायात्रा निकालने की छूट देने मतलब क्या है। बरही में लगभग दर्जनों अखाड़ा है जिसे साथ लेकर चलना पड़ता है ऐसे में भीड़ को कैसे रोके, यह सरकार ही बताए बिना संगीत शोभायात्रा निकालने का कोई मतलब नहीं है। यह आदेश समझ से परे है।क. पिल केशरी ने कहा कि शोभायात्रा में संख्या एवं समय की पाबंदी नही लगनी चाहिए।

## बरहीवासियों को जल्द मिलेगा पानी : डॉ निजामुदीन अंसारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी ने प्रेस ब्यान जारी करते हुए कहा की बरही शहरी क्षेत्र में पेयजल सुविधा के लिए आने वाली सभी अड़चनों को विधायक उमाशंकर अकेला के प्रयास से दूर कर दिया गया है। वहीं पीएचडी विभाग के पदा. धिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन का सारा काम पूरा हो चुका है सिर्फ बरही चौक पर जो तिलैया रोड मैं रोड कंस्ट्रक्शन के कारण एनएचआई द्वारा बिछे हुए पाइप को रोड बनाने के क्रम में निकाल दिया गया था वहीं पर पाइप लाइन नहीं बिछ पाया है। जैसे ही बरही तिलैया रोड की जनता अपना भुगतान भू अर्जन विभाग से प्राप्त करेंगे तिलैया रोड के छूटे हुए हिस्से में एनएचआई का सड़क निर्माण कार्य के बाद पाइपलाइन बिछ जाएगा और साथ ही तिलैया रोड स्थित कोबरा के आगे निर्माणाधीन पानी स्टोर करने के लिए बनाए गए टंकी को दुरुस्त कर दिया जाएगा उम्मीद है, कि इस वर्ष बरही पूर्वी बरही पश्चिमी कोनरा रसोईया धमना जैसे क्षेत्रों में पीएचडी विभाग से जल आपूर्ति घरों में प्रारंभ हो जाएगा ड०क्टर निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त कारी माटी ग्राम में जहां डीप बोरिंग भी कारगर नहीं हो पा रहा है वहां नजदीक के नदी से पानी को स्टोर कर कारीमाटी वासियों को जलापूर्ति की दिशा में एक दो महीने में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, और जून तक कारीमाटी ग्राम के निवासियों को जलापूर्ति घरों में कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त चौपारण प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में जून महीने तक जल आप. ूर्ति का कार्य प्रारंभ हो जाएगा ड०क्टर निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बरही क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने पिछले विधायक काल में 9 करोड रुपए का बजट जलापूर्ति योजना के लिए करवाया था चुनाव हारने के बाद वही ठप हो गया। वहीं दोबारा विधायक का चुनाव जीतने पर उन्हा. ेने उस दिशा में पहल करके विभाग में डीपीआर तैयार करवा चुके हैं। हजारीबाग पीएचडी विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर श्री मुंडारी ने बताया है कि हजारीबाग के पूरा पीएचडी विभाग बरही शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए रात दिन कार्य कर रहा है शीघ्र ही पर ही शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की योजना पूर्ण कर दी जाएगी विधायक ने इस बार भी विधानसभा में जलापूर्ति शीघ्र चालू करवाने के लिए सवाल उठाया था जिसमें सरकार में यथाशीघ्र इस योजना को पूर्ण कराने के लिए आश्वासन भी दिया है और उसके तहत विभाग कार्य कर रही है।




## सेवानिवृत्त अवर निबंधन कार्यालय के बड़ा बाबू रवि कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बिदाई देते अवर निबंधन कार्यालय के कमह्र

अवर निबंधन कार्यालय में कार्यरत मुख्य क्लर्क बड़ा बाबू रवि कुमार को सेवा. निवृति के बाद भावभीनी विदाई दी गई।। बरही दस. तावेज़ नवी संघ की ओर से अयोनित बिदाई सह सम्मान समारोह में अवर निबंधक राम कुमार मधेसिया सहित उपस्थित लोगों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष उदय सिन्हा ने कहा कि रवि बाबू काजल की कोठरी से बेदाग होकर निकले हैं। ये अपने कार्यकाल में किसी को दुखी नही किया। दस्तावेज नवी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि इनके 11वर्षो के कार्यकाल में संघ के सभी लोगो का काम आसानी से हो जाता था। बरही अवर निबन्धक कार्यालय में अबतक ऐसे बड़ा बाबू अभी तक नही आये है न आना सम्भव है।अवर नि. बन्धक श्री मधेशिया ने कहा कि ये अच्छे व्यक्ति है। मेरे साथ इन्होंने कम समय तक रहे। कम समय मे इन्होंने मेरे साथ अच्छा काम किया।भावुक होते हुये बड़ा बाबू रवि कुमार प्रसाद ने कहा कि मुझे यह कार्यालय एक परिवार के जैसा लग रहा था। मझे आप लोगो से बिछड़ने का दुख है। मैं आप लोगो का अपने प्रति प्रेम देखकर भावुक हो गया हूँ। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ए के ओझा , सचिव राज कुमार प्रसाद ,उपाध्यक्ष उदय सिन्हा ,राम चन्द्र चौधरी पूर्णेन्दु शेखर ,झारखंडी साहा, भरत भूषण, के पी चौधरी, सुशील सिंह ,राजेन्द्र राणा ,दस्तावेज नवी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ,पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सा. चवमॉ इसराफिल, अर्जुन ठाकुर, इंद्रदेव चौधरी, ब्रजेश ठाकुर ऑफिस स्टाप मासुक नवीन यादव अनुसेवक मो0 मुज्जमिल सहित कई लोग शामिल थे।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

**कपिल प्रसाद केशरी**

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास, समृद्धि और खुशहाली की बारी है

**कुंती देवी**

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पेट्रोल-डीजल की निरंतर मूल्यवृद्धि पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यवृद्धि पर विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ता

पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के निरंतर बढ़ रहे दाम पर कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक, गैस सिलेंडर एवं खाली पेट्रोल के जार पर माला पहनाकर केन्द्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में 50-60 रूपए लीटर पेट्रोल व डीजल पर भाजपा बिफरने लगती थी। उस समय की महंगाई भाजपा को डायन लगता था। वही डायन अब मोदी सरकार की मित्र बन गई है। आज आम लोग आसमान झूती महंगाई से त्रस्त हैं। इससे केन्द्र सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। कहा कि देश को धर्म के आधार पर लोगों में फूट डलवा कर यह सरकार अंग्रेजों की नीति पर चल रही है। आज पूरे देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार बढ़ा है। इस पर भाजपा सरकार लगाम लगाने में नाकाम रही है। देश की जनता इसे समझ रही है। आने वाले दिनों में इसका माकूल जबाव जनता देगी। विरोध प्रदर्शन में कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला सचिव जगदीश प्रसाद बर्मन, प्रखंड सचिव शिव प्रसाद लाहकार, अलाउद्दीन अंसारी, इब्राहिम अंसारी, अब्दुल अजीज, गणपत स्वर्णकार, मोहम्मद अयूब समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने पानी की किल्लत के खिलाफ़ खोला मोर्चा

### भाकपा माले ने 36 वार्ड में पानी लगातार मिले इसके लिए छेड़ा है मुहिम राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव : गिरीडीह टाउन**
**आदित्य पांडेय**



गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत के खिलाफ़ भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने खुलकर सामने आकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ खंडोली पर डिपेंड रहने वाले नगरनिगम को सी सी एल क्षेत्र का खनता के पानी को भी फ़िल्टर कर के जनता के पास पहुचाने की व्यवस्था पर ध्यान देनी होगी,सिर्फ अखबार के माध्यम से जानकारी मिलती है की नगर निगम क्षेत्र में पानी से सं. बंधित कोई भी समस्या नहीं है मगर धरातल पर की स्थिति कुछ और ही बयां करती है । नगर निगम कहती कुछ और है और करती कुछ और है जिसे बेहद ही अफसोसजनक माना जाएगा। गर्मी की शुरुआत होते ही पानी की घोर किल्लत ने गिरिडीह नगर निगम के द्वारा की जा रही खोखली दावे को नेस्तनाबूद कर रख दिया। रामनवमी व रमजान सामने है वैसे तो साल भर नगर. निगम में पानी की किल्लत बरकरार रहती है ,सुबह पानी मिल जाय तो शाम नहीं और शाम मिल जाए तो सुबह नहीं। कभी कभी हद तो तब हो जाती है जब 6-6 महीने पानी नहीं मिलता है किसी वार्ड को और उस वार्ड के वार्ड कमिश्नर का कोई सक. ारात्मक प्रयास नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले झिंझरी मुहल्ला की समस्या को माले ने जोरदार तरीके से आवाज उठाया था नगरनिगम काम लगा दिया है,लेकिन पानी की गारेंटी करें,तब सफल माना जाएगा। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा आज चदरा मोड़ और उसके आस पास वार्ड पानी की व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे इस क्रम में उन्होंने देखा की वार्ड नंबर 18 और 19 में पानी का घोर किल्लत है,प्रतिनिधि और अफसर को कुर्सी तोड़ने से फुर्सत नहीं है,जनता त्रस्त है दुसरी तरफ प्रतिनिधि एक बार झूठे वादे कर जीत गए तो दुबारा जनता से 5 साल बाद चुनाव के एन वक्त पर मिलते है।भाकपा माले ऐसे प्रतिनिधियों को कुंभकर्णी नींद सोने नही देगी हमेशा जगा के रखना चाहती है ताकि जनता की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य सु. निश्चित करें। अगर नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई, पानी नली की व्यवस्था सुदृढ़ बनानी है तो नगरनिगम में बड़ा बदलाव करना होगा और इसके लिए आंदोलन की जरूरत पड़ी तो भाकपा माले करने के लिए तैयार है।सफाई के नाम पर भी सिर्फ थोपा-थोपी चलता है करना होगा बदलाव,सभी वार्ड कमिश्नर जनता को लेकर नगरनिगम में धरना करने से शहर में कार्य का विस्तार होगा। आज के इस क्षेत्र भ्रमण कार्य में भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा के साथ मुख्य रूप से उपस्थित थे मुज्तबा अंसारी,फरीद अंसारी अरमान,असलम,अल्ताफ,मोफरमान,शहजाद,हसरत, अफसर, फिरोज, आरिफ,हसन आदि।




## गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित तेलीडीह वन क्षेत्र के तिगोजिरी जंगल में लगाई आग

**अपेम लाइव : गिरीडीह टाउन**
**आदित्य पांडेय**



गिरिडीह ज़िला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित तेलोडीह वन क्षेत्र में स्थित तिगोजोती जंगल में आग लगा देने से बहुत सारे पेड़ पौधे जलकर खाक हो गए और बहुत सारे सूखने लगे हैं। बहुत सारे दुर्लभ जड़ी बूटी भी इस लगाई गई आग की भेंट चढ़ गाए। छोटे छोटे जंगली जीव जंतु जिसका आशियाना जंगल के सूखे पत्ते में आशियाना बना कर रहते हैं आग में अपनी जान गंवा बैठे। इस विषय पर नाम नही छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि महुआ फूल चुनने के लिए ए आग लगा दी गई है। गिरिडीह वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण प्रत्यीक वर्ष जंगल में आग लगा दी जाती है ताकि महुआ चुनने में आसनी हो सके मगर उसके द्वारा लगाई गई इस आग से जंगल को कितनी क्षति पहुंचती है आग लगाने वाले को नही मालूम। और अगर मालूम भी है तो उसे अपनी सुविधा सिर्फ दिखाई देती है बाकी कुछ भी नहीं। सरकार वन सुरक्षा को लेकर बड़े बड़े बजट बनाती है मगर धारातल पर उसका असर शत प्रतिशत दिखती नही है जिसके कारण आज लगभग क्षेत्रों में जंगल विलुप्त हो चुके हैं या होने की कगार पर हैं। गिरिडीह वन विभाग इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करे अन्यथा जंगल में आग लगाने वालों का दुःसाहस बढ़ता चला जाएगा और एक दिन ऐसा भी आएगा जब जंगल जमीन से जल कर समाप्त हो चुकी होगी।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शायल बगीचे में श्री राम यज्ञ के 20वां महोत्सव का कल होगा आगाज

### कल कलश यात्रा के साथ नौ दिनों तक कान्हाचट्टी में बहेगी भक्ति की बयार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी :- प्रखण्ड के शायल बगीचा पुराना प्रखण्ड कार्यालय के समीप दस दिनों तक चलने वाले श्री राम यज्ञ का 20 वां महोत्सव का प्रारम्भ आज से जल यात्रा के साथ हो जाएगा।यज्ञ की सारी तैयारी पूरी हो गई है।श्री राम यज्ञ को लेकर यज्ञ मंडप की रंग रोगन भी अंतिम चरण में हैं।यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह,सचिव अशोक कुमार सिंह उर्फ कलाकार,एवं कोषाध्यक्ष बसन्त सिंह ने बताए कि आज से श्रीराम यज्ञ के लिए कलश यात्रा निकाला जाएगा और यह यज्ञ दस दिनों तक चलेगा।यज्ञ के लिए कलश यात्रा सुबह आठ से नौ बजे निकाल दिया जाएगा।यज्ञ में हवन एवं प्रवचन की अहम रॉल रहेगा।वही लोगो के मनो. रंजन के लिए मीणा बाजार और झूला भी लगाया जा रहा है।बनारस से प्रवचन करता आ रहे हैं।यज्ञ को सफल बनाने को लेकर अर्जुन सिंह,नागेश्वर सिंह,सहित दर्जनों लोग का नाम शामिल है।

## सेवानिवृत्त के अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका को दिया गया भावभीनीं विदाई।

**अपेम लाइव :**
**प्रतापपुर चतरा**
**कुमार चंदन**




प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारुडीह के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुषमा अंबष्ठ को सेवानिवृत्त के अवसर पर गुरुवार को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दिया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षको,वार्ड सदस्या तथा ग्रामीणो ने उन्हे कलम,कापी तथा साल सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।सहायक शिक्षकों ने रामायण तथा वार्ड सदस्या संजु देवी ने साल देकर सम्मानित किया।प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुषमा अंबष्ठ ने शिक्षिका के रुप मे अपना योगदान 9 जनवरी 1989 को कन्या मध्य विद्यालय प्रतापपुर मे किया था तथा 20 जनवरी 2019 को उनको स्थानांतरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारुडीह मे कर दिया गया था जहां से वे गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए।अपने संबोधन में उन्होने कहा कि सेवानिवृत्त होना एक सरकारी प्रक्रिया है।सरकारी सेवा मे सभी को सेवानिवृत्त होना पडता है।उन्होने सहयोग करने के लिए विद्यालय के शिक्षको,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यो तथा ग्रामीणो को धन्यवाद दिया।प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार सहायक शिक्षक शिव कुमार चौधरी को दिया गया।मौके पर शिक्षक राहुल कुमार,अध्यक्ष प्रदीप पा. सवान,उपाध्यक्ष ममता देवी,रेणु देवी,पिंटु यादव,सोना देवी तथा जितन भारती सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड की भोगता जाति को मिला एसटी का दर्जा, राज्य सभा मे बिल ध्वनी मत से पारित

### खेरवार भोक्ता समाज में हर्ष ,जमकर उडा अबीर गुलाल बाँटी मिठाईयां

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राज्यसभा में बुधवार को झारखंड में भोक्ता समुदाय को अनुसूचित जाति की सूची से हटाकर अनुसूचित जनजाति में शामिल करने से संबंधित विधेयक को मंजूरी मिलने के उपरांत खेरवार भोक्ता समाज विकास संघ के प्रखंड सचिव संतोष भोक्ता के नेतृत्व में कुन्दा मेन चौक पर एक दूसरे को अबीर गुलाल व मिठाईयां बांटकर खुशी जाहिर किया। कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित वक्ता रंजीत भोक्ता, उपेंद्र भोक्ता, पृथ्वीगंझु समेत कई वक्ताओं ने स्थानीय सांसद ,जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य सरकार व केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुई काहा की खेरवार भोक्ता समाज को अनुसूचित जाति से हटाकर अनुसूचित जनजाति में शामिल होने से समाज के लोगों को काफी फायदा होगा व आरक्षण का सही लाभ मिलेगा। इसके लिए भोक्ता समाज विगत कई वर्षो से आंदोलित थे।मौके पर खेरवार समाज विकास संघ जिला कोषाअध्यक्ष रंजीत भोगता, जिला समिति सदस्य पृथ्वी गंझु, प्रखण्ड उपाध्यक्ष चंदेशवर गंझु, राजू भोगता, दिलेशवर भोक्ता, जिला यूवा नेता उपेन्द्र कुमार भोगता प्रसाद गंझु ,युवा प्रखण्ड अध्यक्ष योगेन्द्र भोगता , निर्मल गंझू ,शिवकुमार गंझु ,रामुशरण गंझु ,प्रखण्ड प्रवक्ता महेंद्र सिंह भोगता , कैलाश कुमार , योगेन्दर भोक्ता, लक्ष्मण गंझू, धनेशवर गंझु समय भोक्ता समाज के कई लोग शामिल थे।

## बढ़ती महंगाई और पेट्रोल व डीजल के कीमतों में हो रही वृद्धी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव :**
**प्रतापपुर चतरा**
**कुमार चंदन**



केन्द्र सरकार के द्वारा देश मे दिन दुनी रात चौगनी के हिसाब से पेट्रोल,डीजल ,गैस सहित खाद्य पदार्थो में हो रही लगातार बढोतरी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया ।यह विरोध प्रदर्शन 31मार्च से लेकर 7 अप्रैल तक जारी रहेगा।म. हंगाई को लेकर यह वि. रोध प्रदर्शन रामपुर मे कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रकीबुल ईमाम के नेतृत्व मे उनके आवास पर की गई।मौके पर कांग्रेस के नेताओ मोती लाल पा. सवान, रकीबुल ईमाम, दाऊद ईमाम, प्रमील कुमार, जितेन्द्र पासवान, नन्दकिशोर साव,संजय कुमार सहित कई वक्ताओ ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीतियो का विरोध किया ।कहा कि जब से देश मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से देश मे महंगाई लगातार बढती जा रही है,कभी भी महंगाई कम करने का प्रयास अबतक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नही की गई है।महंगाई के मार से देश ही नही गांवो मे रहने वाले ग्रामीणो की स्थिति बदतर होते जा रही है।इस मंहगाई के बोझ मे मध्यम वर्ग के लोग दबते जा रहे है।पेट्रोल व डीजल की मंहगाई से दर्जनो खाद्य पदार्थ की बस्तुए की कीमत आसमान छु रहे हैं।ट्रांसपोर्टिंग मे बढोतरी होती जा रही है,जिससे छड,सिमेन्ट सहित कई वस्तुएं के कीमतो मे लगातार बढोतरी हो रही है।लोगो को महंगाई से जेब से बोझ बढता जा रहा है।महिलाओ मे बचत कम दिखता बन रहा है।ग्रामीणो व बुद्धजीवी महिलाओ का कहना है कि गैस सिलेन्डर की कीमतो मे बढोतरी पर एक टाईम खाना बनाना दुर्लभ लग रहा है।वही महंगाई के बोझ से दबे लोगो ने पेट्रोल ,डीजल व खाद्य पदार्थो के मूल्य वृद्धि को कम करने की मांग देश के प्रधानमंत्री से किया है।कांग्रेसियो ने महंगाई मुक्त भारत अभियान की को रोकने के करने ग्रामीणो को कांग्रेस पार्टी के साथ महंगाई के खिलाफ आवाज उठाने की अपील किया है।
मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा जिला अध्यक्ष श्री मोती पासवान, उधोग व्यापार विभाग के जिला अध्यक्ष श्री दाऊद इमाम, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमील कुमार, जिला महासचिव अशोक वर्मा, अबदुल शमीम, आनंद पासवान, पंचायत अध्यक्ष जुबैर आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवननदन भ. पगागगसवान, अमबुज पाठक ,सैफ इमाम ,जित. ेन्द्र पासवान, उदय साव ,मुमताज आलम, भोला यादव, परन भारती, समेत दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे। यह कार्यक्रम कांग्रेस प्रख्ड अध्यक्ष रकीबुल ईमाम के आवास पर किया गया ,इस दौरान पेट्रोल पम्प पर जाकर थाली बजाव महंगाई भगाओ अभियान को समाप्त किया गया ।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### हंटरगंज थाना क्षेत्र से शराब की बड़ी खेप बरामद

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतरा :- अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध हंटरगंज थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम की बड़ी कार्रवाई। चतरा युवा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर मि. रपुर गांव में छापामारी अभियान चला कर 14 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त टाटा इंडिगो कार जप्त। जंगल का लाभ उठा कर लपेशेवर शराब तस्कर मोके पर हुआ फरार। शराब की खेप को तस्कर तस्करी के लिए ले जा रहा था बिहार। अभियान में इस्पेक्टर प्रमोद पाण्डेय के साथ निरंजन कुमार सुखनाथ पाण्डेय सहित सशस्त्र बल के जवान थे शामिल।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बंदरकुप्पी, गिरिडीह में वार्षिक परीक्षाफल का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी में अवस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज क्लास प्रवेश से लेकर उच्य क्लास तक वार्षिक परीक्षाफल प्रकशित किया गया में जिसमे विद्यालय के अधिसंख्य भैया-बहन सफल हुए। सफल भैया बहन को पुरिस्कृत भी किया गया ।जिसमे प्रथम ओर दूसरे स्थान लाने वाले भैया बहन को पुरुस्कार दिया गया और उनके भाविष्य की कामना की गई ।इसमें विद्यर्थियों की इस सफलता के लिए आचार्य और दीदी जी मे हर्ष का माहौल है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि इस सफलता के लिए आचार्यो की जी तोड़ मेहनत है ।और साथ ही साथ बच्चो की मेहनत रंग लाई है ।उनोने बताया कि आगामी दो दिन आचार्यो की कार्यशाला होगी ।और 1 अप्रैल को विद्यालय में सामूहिक हवन पूजन के बाद अगले नए सत्र की पढ़ाई शुरू की जाएगी। मौके पर विद्यालय प्रबंधक अध्यक्ष मंगल हेम्ब्रम,सचिव बाली मंडल,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर मंडल, अजय गुप्ता,आचार्या डोली कुमारी,सरिता कुमारी,शिल्पा कुमारी ,खुसबू खातून,आदि उपस्थित थे।

## सौरभ राज बने पचंबा थाना प्रभारी किया पदभार ग्रहण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत पचंबा थाना में आज बुधवार को 5वें थाना प्रभारी के रुप में सौरभ राज ने पूर्व थाना प्रभारी नीतीश कुमार से पदभार ग्रहण किया। पचंबा थाना के अन्य सहयोगी पुलिस पदाधिकारियों के अलावे अन्य गणमान्य लोगों ने नए थाना प्रभारी सौरभ राज को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विभागीय जानकारी के अनुसार सौरभ राज 2018बैच के दरोगा हैं। पदभार संभालने के बाद नए थाना प्रभारी सौरभ राज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पचंबा थाना क्षेत्र में अवैध धंधेबाजों के अलावा आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाली को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। अवैध धंधेबाजों और आसामाजिक तत्वों को चिंहित कर ठोस कार्रवाई की जाएगी। नए थाना प्रभारी सौरभ राज ने पचम्बा थाना क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से सहयोग करने की अपील की क्षेत्र में शांति व्यव्स्था कायम रखने में। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता व पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करना मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता को कोई समस्या हो तो थाना आकर मुझसे मिलकर जानकारी दें या मेरे दूरभाष पर संपर्क करें ना की बिचौलियों और दलालों के चंगुल में फंसकर अपना बहुमूल्य समय और पैसा बर्बाद करें। उन्होंने कहा कि पचंबा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने अवैध शराब बिक्री और निर्माण पर रोक लगाने, लकड़ी माफियाओं पर नकेल कसने, कोयले की अवैध ढुलाई को रोकने और बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपेक्षा करती है पचंबा थाना पुलिस प्रशासन।

## अन्तर्राष्ट्रीय शान्ती विषय पर डायट में आयोजित हूआ सेमिनार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



डायट हज़ारीबाग में ष्अंत. रराष्ट्रीय शांतिष विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया गया। डायट के दोनों सत्र के प्रशिक्षुयों द्वारा इस विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। सेमिनार में प्रशिक्षुयों ने अपने-अपने विचार रखे। विचार रखने वाले प्रशिक्षुयों में तीन प्रशिक्षु को उत्कृष्ट विचार के लिए सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान दीपा कुमारी राम,द्वितीय प्रीति लता और तृतीय स्थान रीतू कुमारी को प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत प्रधानाध्यापक डॉ० बालेश्वर राम ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज विश्व मे जो अशांति और युद्ध की स्थिति बनी हुई है आवश्यकता है उस पर जल्द काबू पाकर विश्व मे शांति स्थापित किया जाय। डायट के वरीय व्याख्याता श्री अरुण कुमार ने भारत को शान्ति का दूत बताया। सेमिनार का नेतृत्व श्री महेंद्र कुमार गुप्ता और मंच संचालन प्रकाश कुमार ने किया। मौके पर वरीय व्याख्याता सुलोचना कुमारी सरिता कुमारी,शिव कुमार प्रसाद, दयानन्द दास,रंजीत कुमार वर्मा,रंजीत कुमार, स्नेहा भारती, प्रीति बाला खलखो, मीना कुमारी,अर. विंद कुमार पाठक,ममता कुमारी शर्मा,निकहत जहाँ, मनीषा बख्शी,कल्याणी चौधरी आदि मौजूद रहे।

APEM LIVE

## ट्रक लदे कपड़े के लूटकांड का चौपारण पुलिस ने किया उद्भेदन,मास्टरमाइंड के साथ दस गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





चौपारण : थाना अन्तर्गत जी० टी० रोड एनएच -02 में ग्राम पवई के पास से दिनांक 09/03/2022 को एक ट्रक संख्या एनएल01एई 6900 को अज्ञात अपरा. धियों के द्वारा एक कपड़े लदे वाहन के चालक को अपने कब्जे में लेकर चालक को नसीला दवा पिलाकर गाडी को लेकर एवं उसपर लोड कपडा को लूटकर भाग गये थे जिसके संबंध में काण्ड संख्या 70/022 दिनांक 15/03/2022 धारा 394 भादवि दर्ज किया गया था । इस काँड के उद्दभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में छापामारी कर काण्ड का उद्भेदन किया गया। मुख्य षडयंत्र कर्ता ट्रक का खलासी निकला काँड उद्भेदन के दौरान लूट काण्ड का मुख्य षडयंत्र कर्ता ट्रक का खलासी ही निकला जो षडयंत्र के तहत ट्रक के चालक को नसीली दवा खिला कर बेहोश करने उसके बाद अपने सहयोगी दोस्त/अपराधकर्ता द्वारा ट्रक चालक को चरही थाना अन्तर्गत चरही घाटी में फेंक दिया एवं अपने अपराधिक दोस्तों के मदद से ट्रक में लदे कपडा जो अहमदाबाद से कलकत्ता जा रही थी को अलग अलग जगहों पर ट्रक एवं कपडा को बेच दिया।

काण्ड में उद्धभेदन के दौरान अपराधियों के निशानदेही पर ट्रक पर लदे 89 कपड़ा का बंडल ,कांड में प्रयुक्त अपाची बाइक संख्या जेएच 12 ई 4141, कांड में प्रयुक्त 11 मोबाइल की बरामदगी कि गई है । साथ ही काण्ड में संलिप्त 10 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अनुसंधान एवं छापामारी जारी है। कांड में संलिप्त इनलोगों की हुई गिरफ्तारी उपरोक्त कांड में संलिप्त मन्नु कुमार पिता द्वारिका प्रसाद सा सलैया थाना बरकट्ठा, राजेन्द्र कुमार यादव पिता नोखेलाल यादव ग्राम झुरझुरी, थाना बरकट्ठा, गुरमित सिंह उर्फ रिक्की सरदार पिता स्व हरजीत सिंह ग्राम ताराटाँड़ रोड थाना तिलैया,अशोक कुमार पिता परमेश्वर महतो ग्राम रामदेव खरीका थाना दारु, इन्द्रजीत सिंह उर्फ इन्द्र सिंह पिता स्व ईश्वर दयाल सिंह ग्राम तिऊज थाना दारु,उदय प्रसाद मेहता पिता अर्जुन प्रसाद मेहता ग्राम नगवाँ थाना कोर्रा, सुधीर कुमार पिता कैलाश प्रसाद ग्राम धरहरा (कोसमा) थाना बरकट्ठा , मो इम्तियाज उम्र 37 वर्ष पिता गुलाम रसुल ग्राम हुटपा थाना मुफ्फसिल , मो जसीम उम्र 40 वर्ष पिता स्व कलीम अंसारी सा भण्डारीडीह थाना, जिला गिरिडीह, बब्लु यादव उर्फ बब्लु गोप उम्र 35 वर्ष पिता शीतल गोप सा नगवा, थाना- कोर्रा, जिला हजारीबाग को दस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रामनवमी के लिए सरकारी गाइडलाइन से रामभक्त नाराज,संशोधित करने की मांग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




Ashish Kumar yadav @Ashish... · 1h
आदरणीय,
मुख्यमंत्री महोदय झारखंड।

रामनवमी पूजा गाईड लाईन में DJ, Processing Music और प्रोसेशन का समय 06:00 PM तक निर्धारित किए है, अविलंब सुधार किजीए। ताकी समस्त राम भक्त रामनवमी का त्योहार धूम-धाम से मना सके।
#hazaribagh_ramnavmi_international
@JharkhandCMO
@HemantSorenJMM

Government of Jharkhand
Home, Prison & Disaster Management Department
(Disaster Management Division)
ORDER
Addendum

In exercise of the powers conferred under section 22(2)(h) of the Disaster Management Act, 2005 the undersigned, in his capacity as Chairperson, State Executive Committee, hereby amends with the approval of the Chairperson, SDMA the Order number 3 dated 26.02.2022 to the following extent:

1. Clause 16 shall be substituted with the following:
All processions are prohibited except religious processions which are permitted subject to the following conditions:
i. The number of persons in the religious procession shall not exceed 100 (One hundred).

चौपारण : प्रखंड के पंचायत बरहमोरिया के अंतगर्त ग्राम हथिया निवासी, निष्ठुर आलोचक व युवा समाज सेवी आशीष कुमार यादव ने झारखण्ड सरकार के द्वारा राममनवमी पूजा 2022 के लिए जारी किए गए गाइडलाइन को असंतोष जनक एवं त्रुटिपूर्ण बताते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर गाइडलाइन में अविलंब सुधार व बदलाव करने का मांग की है। साथ ही मीडिया के माध्यम से समस्त सनातन राम भक्तों से भी नम्र विनती करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग झारखंड सरकार के द्वारा जारी किया गया त्रुटिपूर्ण गाइडलाइन के खिलाफ ट्वीटर पे ट्वीट, रीट्वीट और कमेंट कर सरकार पे दबाव बनाये। ताकि सरकार अविलंब अपने निर्णय को बदलकर अर्थात गाईडलाईन को संशोधित कर नए सिरे से पुनरू जारी करे और राज्य के समस्त राम भक्तों को राममनवमी पूजा एवं विश्व विखियात हजारीबाग अंतरराष्ट्रीय रामनवमी धूम-धाम से मनाने का मौका मिले।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से सात 7 मरीजों को मिला रक्त

### गर्भवती महिला,थैलेसीमिया एवं अन्य लोगों को उपलब्ध कराई गई रक्त

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रीतेस खंडेलवाल**



एच.एम.सी.एच स्थित ब्लड बैंक में पिछले कई दिनों से रक्त की कमी को देखते हुए बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा लगातार रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है तो वही हजारीबाग निवासी राजेश कुमार की धर्मपत्नी नेहा सिन्हा, रामगढ़ ,बड़कागांव,चंदवारा, कटकमदाग,टाटीझरिया के थैलेसीमिया बच्चों को रक्त उपलब्ध कराया गया। तो वही अन्य लोगों को भी रक्त उपलब्ध करवाया गया। रक्तदान करने वालों में अमित प्रसाद, परशुराम यादव, अमित सिन्हा, रवि पांडे, प्रभु गुप्ता ने रक्तदान कर थैलेसीमिया बच्चे की जान बचाई एवं पप्पू कुमार मानवता का परिचय देते हुए गर्भवती महिला की जान बचाई तो वही शहबाज खान ने मानवता का परिचय देते हुए 12 वर्षीय युवक की जान बचाई। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि रक्त की कमी को देखते हुए लोगों को स्वयं रक्तदान करना चाहिए। आ. पसभी का दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद की बचा सकता है जान। साथ ही ब्लड बैंक के सभी कर्मियों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं जिनका सहयोग हम सबों को बराबर प्राप्त हो रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को यूथ विंग प्रतिदिन रक्त उपलब्ध करवा रहा है तो वहीं गर्भवती महिला एवं अन्य लोगों को भी रक्त मुहैय कराया जा रहा है। मौके पर रू-अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संजय कुमार डिश, रितेश खण्डेलवाल,विकास केशरी, जयनंदन सिन्हा सहित कई सदस्यगण उपस्थित रहे।

## आरोग्यम हॉस्पिटल में हर महीने के अंतिम तिथि को फ्री फाइब्रोस्कैन टेस्ट कैंप का होता है आयोजन

### अबॉट कंपनी के मशीन से अनुभवी सर्जन डॉ. बी.एन. प्रसाद करते हैं मरीजों की जांच, देते हैं उचित परामर्श

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रवि सिंह**



हजारीबाग के इतिहास में पहली बार फ़्री फाइब्रोस्कैन टेस्ट कैंप का आयोजन एचजेड बी आरोग्यम सुप. रस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रत्येक महीने के अंतिम तिथि को आयोजित होता है। मार्च महीने की अंतिम तिथि 31 मार्च (गुरुवार) को भी इस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों लोगों ने इसका लाभ उठाया। कैंप में आरोग्यम हॉस्पिटल के अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ.बी.एन. प्रसाद ने अबॉट कंपनी की विशेष मशीन से लोगों की लिवर सिरोसिस की जांच की और उचित चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया। कैंप की उपयोगिता के बारे में डॉ. बी.एन. प्रसाद ने बताया कि वर्तमान दौर में अत्यधिक शराब सेवन, वसायुक्त खानपान, वायरल संक्रमण, मोटापा व शुगर, हेपेटाइटिस बी एवं सी के मरीजों में लिवर सिरोसिस का खतरा ज्यादा होता है। इसके लिए अमूमन लोग अल्ट्रासाउंड कराते हैं जिसमें फेट्टी लीवर ग्रेड - 1,2,3 आता है। ऐसे में फाइब्रोस्कैन लिवर स्पेसिफिक जांच के लिए उन्नत तकनीक है। समय रहते लीवर की स्थिति जानने और उसे बेहतर रखने के लिए हमारे हॉस्पिटल द्वारा आयोजित फ्री फाइब्रोस्कैन टेस्ट कैंप में अवश्य पहुंचे। हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि लिवर सिरोसिस की समस्या की सटीक जांच के लिए इस लाभकारी कैंप में जरूर पंहुचे ।

## दो अप्रैल को तिलकधारी राय की पुण्यतिथि मनायी जाएगी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलिया पंचायत के मिना बाजार चोक पर आगमी दो अप्रैल को तिलकधारी राय की पुण्यतिथि जाएगी। जो कि तैयारी पूरे जोर शोर के साथ किया जा रहा है। वही तिलकधारी राय की उनके आवास पर उनके प्रतिमा स्थापित कर दिया गया है।जिसमें राज्य कमेटी सदस्य सह माले नेता मुर. तकीम अन्सारी ने जानक. ारी देते हुवे कहा की रा. जधनवार के पुर्व विधायक राजकुमार यादव,पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह शामिल होंगे।वही प्रतिमा का अनावरण दो अप्रैल को किया जाएगा।

APEM LIVE

## डीजल पेट्रोल और गैस के बढ़ते कीमतों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : देश मे पेट्रोल डीजल और गैस के बढ़ते कीमतों के खिलाफ गुरुवार को गावां में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धनवार विधानसभा प्रभारी सह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मरगूब आलम के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मरगूब आलम ने कहा कि जब तक पांच राज्यों में चुनाव चला तब तक पेट्रोल डीजल और गैस के दामों में वृद्धि नही की गई और जैसे ही चुनाव खत्म हुआ प्रतिदिन मूल्यवृद्धि हो रहा है। लगातार हो रहे मूल्यवृद्धि से देश की जनता काफी परेशान है लेकिन भाजपा और मोदी को जनता के परेशानियों से कोई लेना देना नही है। सत्ता और कुर्सी के लिए यह सरकार देश की सम्पत्तियों को भी बेचने को तैयार है। कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आदेश पर पूरे देश महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गावां में विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित, रामनवमी पर्व को लेकर हुआ विचार विमर्श

### नव वर्ष के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा का किया जाएगा आयोजन :- भगवान दास बर्नवाल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा कालीमंडा परिषर में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बन. 'वाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पांडेय उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री पांडे ने कहा कि विगत दो वर्षो में को. विड के कारणों से हमलोग रामनवमी महापर्व को हर्षोल्लास के साथ नही मना सके थे परन्तु इसवर्ष भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से हमलोगों को पुनः रामनवमी महापर्व मनाने का मौका मिला है इसलिए सभी हिंदू भाई व परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा हिंदू नववर्ष को शोभा यात्रा के साथ मनाने का निर्णय लिया है जिसे हमलोग शांति और प्रशास. निक सहयोग से नव वर्ष के अवसर पर शोभा यात्रा के साथ मनायेंगे। बैठक में मुख्य रूप से हर वर्ष के भाती इस इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह निर्णय लिया कि उक्त यात्रा में पूरे प्रखंड के हिंदू भाई सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होंगे। शोभा यात्रा गांवा कालीमंडा से प्रारंभ होते हुए पटना , नगवा , माल्डा , खरसान आदि दर्जनों गांव का दौरा करते हुए पुनः कालीमंडा गांवा पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया आएगा। मौके पर हंसराज पाण्डेय, अजीत शर्मा, अजीत पांडे, विकास पाण्डेय, उपेन्द्र स्वर्णकार, अशोक यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आवारा कुत्ता ने अधेड़ को काटा हुआ जख्मी

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा थाना क्षेत्र के पिहरा पश्चमी पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर निवासी गजाधर साव उम्र 60 वर्ष को आवारा कुत्तों ने काट कर जख्मी कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि श्री साव अपने मामी के अंतिम संस्कार कर पुनः वापस अपने घर जगदीश. पुर लौट रहे थे तभी अचानक आवारा कुत्तों ने हमला बोल दिया और उसको काटकर जख्मी कर दिया जिसके बाद वह समुदायिक स्वास्थ केन्द्र गांवा पहुंचे जहा डॉ काजिम खान ने प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिए।

APEM LIVE

दिनांक:

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0:

## सरस्वती शिशु विद्या,बरगंडा में दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को कक्षा द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य के बच्चों का दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ।समारोह का उद्घाटन नगर थाना प्रभारी आर एन चौधरी और प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज मुकाम हासिल करना नहीं होता है बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी शिक्षा हासिल की जाती है।बच्चों के मेहनत और लक्ष्य पर भारत का भविष्य टिका हुआ है। इसलिए दीक्षा हासिल करने के दौरान छात्रों को हमेशा अपने भीतर यह विचार जागृत करने की जरूरत है कि एक बेहतर और ईमानदार राष्ट्र कैसे दिया जाए। इस अवसर पर बहन आरती कुमारी, मुस्कान दाराद, श्रुति पाठक,सांवली सलोनी एवं आरती भदानी ने भाव नृत्य प्रस्तुत किया वहीं निहाल राज ने बंशी वादन और बहनों ने संयुक्त रुप से विदाई गीत प्रस्तुत किया। द्वादश की बहन आकांक्षा कुमारी और अनूप कुमार राय ने विद्यालय के बीते दिनों के अनुभव को साझा किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि यह भैया बहनों की विदाई की बेला नहीं है बल्कि विद्यालय की ओर से दी जाने वाली अंतिम शिक्षा है। मेहनत और प्रतिभाशाली छात्रों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।जीवन रूपी भवन की नींव विद्यालय होता है। नींव जितनी मजबूत होगी,भवन उतना ही मजबूत और सुंदर होगा। हमारे बच्चे जहां भी जिस क्षेत्र में जाएं अपने विद्यालय से प्राप्त ज्ञान और संस्कार को अक्षुण्ण बनाए रखें।मौके पर समिति सदस्य उमेश कुमार सिन्हा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। धन्यवाद ज्ञापन सुम्मी सौरभ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कुमार, राजीव सिन्हा अजीत कुमार मिश्रा, अमित कुमार दुबे,राजीव रंजन, श्रीप्रवीणजी, विकास कुमार, राजेंद्र लाल बरनवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार)महासंघ मुकेश कुमार पंडित को न्याय दिलाने के लिए इंस्पेक्टर विनय कुमार से मिला

**अपेम लाइव :धनबाद**



झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का एक प्रति. निधिमंडल जिला सदस्यता प्रभारी सह भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महादेव कुंभकार के नेतृत्व में मृतक के घर जाकर धनबाद जिले में वयवसायी सोम नगर, दामोदरपुर निवासी मुकेश कुमार पंडित की हत्या गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी जाती है, जिसे लेकर महासंघ जघन्य हत्या को लेकर उनकी घोर निंदा करती है। साथी प्रशासन से अभिलंब हत्यारो के गिरफ्तारी की मांग भी करता है। महादेव कुमार ने धनबाद थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विनय कुमार से वार्ता करते हुए कहा की आए दिन जिस तरह से पूरे धनबाद में वयवसायी एवं आम नागरिक सुरक्षित नहीं है। एक और जहां मुकेश कुमार पंडित को गोली मारकर जघन्य हत्या कर दी जाती है, दूसरी और पूर्वी टुंडी में तालाब से खींचकर एक लड़की को बलात्कार कर हत्या कर दी जाती है। इस तरह की घटना से यह अंदेशा लगाया जाता है की झारखंड में सरकार नाम की चीज समाप्त हो गया है निश्चित रूप से हतयारो की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन सुनियोजित तरीके से जाल बिछाकर शातिर अपराधी को पकडकर कड़ी से कड़ी सजा देना होगा। आज हत्यारों को प्रशासन का खौफ खत्म हो चुका है। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ एवं संगठन प्रशासन को भरपूर मदद करने का भी भरोसा दिलाता है। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रजापति (कुम्हार )महासंघ के प्रदेश सदस्यता सह प्रभारी पप्पू पंडित, जिला उपाध्यक्ष महादेव कुमार कैसका, समाजसेवी प्रकाश कुमार, युवा जिला सचिव अशोक कुमार, बसंत राम, अर्जुन कुम्हार, मृतक के पिता एतवारी पंडित , अरविंद पंडित ,अर्जुन पंडित एवं अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।

## वनाधिकार के अध्ययन के लिए चुनुलाल उड़ीसा प्रवास पर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



उड़ीसा में ग्रामीणों के साथ वनाधिकार पर संवाद करते चुनुलाल सोरेन समेत अन्य

वनाधिकार कानून 2006 के क्रियान्वयन पर बीते 13 सालों से जिला व राज्यस्तर पर संघर्षशील सामाजिक कार्यकर्ता व एकता परिषद के जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन पांच दिवसीय उड़ीसा प्रवास पर हैं। वे उड़ीसा सरकार द्वारा नयागढ़ जिला के रणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं को दिए गए सामुदायिक वन अधिकार एवं वन संसाधनों पर अधिकार का अध्ययन करेंगे। उनके साथ मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा बिहार के भी सामाजिक कार्यकर्ता प्रवास पर हैं। उन्होंने बताया कि उड़ीसा के रणपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामसभा सदस्यों से मिलकर उनके पूरे जंगल का अधिकार मिलने की पूरी प्रक्रिया पर अध्ययन कर रहे हैं। उड़ीसा से वापस आकर वे झारखण्ड सरकार से इस महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर संवाद करेंगे। कहा कि अगर उड़ीसा सरकार ग्रामसभा को वन अधिकार पत्र दे सकती है तो फिर झारखण्ड में भी इसे लागू करना होगा। चार राज्यों के 35 सामाजिक कार्यकर्ताओं का नेतृत्व एकता परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अरूण भाई कर रहे हैं।

## उपमहापौर के प्रथम पुण्यतिथि पर फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

### स्वः राजकुमार लाल मानवता मूल्यों के प्रति संकल्पित थें – अभिमन्यु प्रसाद'

**अपेम लाइव : ओरिया**



हजारीबाग झील परिसर में गुरुवार को उपमहापौर स्वः राजकुमार लाल के प्रथम पुण्यतिथि पर फ्रेंड्स ग्रुप के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में फ्रेंड्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने मिलकर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पण कर नम आँखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही सदस्यों ने संयुक्त रूप से दो मिनट का मौन धारण कर ओम शांति का जाप किया। इस क्रम में उनके कार्यकाल में हुए कार्यो व उनका व्यक्तित्व को याद किया गया।
इस मौके पर संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि उपमहापौर स्वः राज. कुमार लाल जी मानवता मूल्यों के प्रति संकल्पित थें। इसी विचार धारा के साथ शहरी क्षेत्र के विकास में एक नया भी गढ़ा था। अपनी कर्मठता और कार्यकुशल के बल पर उन्होंने राजनीति में अपने आपको स्थापित किया था। आज उनकी कमी खलती है। ग्रुप के एडमिन सुनील गुप्ता ने कहा कि उपमहापौर स्वः राजकुमार लाल जी में उदारता, धैर्य, सहानुभूति और सेवाभाव कूट–कूटकर भरी हुई थी। उनके आगे कोई विरोधी नहीं था और जो विरोधी भी था उसे भी अपना बनाने की क्षमता इनमें काफी थी। सुनील ने कहा शहर के विकास में कम समय में स्वः राजकुमार लाल ने जो कार्य किए हैं वो इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। सदस्य राकेश गुप्ता ने कहा कि उपमहापौर स्वः राजकुमार लाल जी विकास के लिए हमेशा गंभीर रहते थे। वह प्रत्येक समाज को साथ लेकर अपने शहरी क्षेत्र का विकास करने में हमेशा तत्पर रहते थे। राकेश ने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर शहरी क्षेत्र का विकास कराना उनकी पहली प्राथ. मिकता थी।
मौके पर विशेष रूप से ग्रुप के संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद, पवन रावत, एडमिन सुनील गुप्ता, राकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, अजय दास, दिनेश नाटाणी, सतीश चंद्र प्रसाद, रवि अग्रवाल, मनोज गुप्ता, रा. जकिशोर प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, राजीव वर्मा, लड्डू गोपाल, अभय सिन्हा, राजू साव, रोमी सालूजा, गुलशन राज, दिलचंद गुप्ता, विवेकानंद, बबली, अजय वर्मा, सचिन कुमार, रूपेश अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, दिवेन भाई सहीत कई गणमान्य सदस्य शामिल थें।




APEM LIVE